Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Patel Shri Kishanbhai Vestabhai

>

Title : Need to construct a flyover at the crossing in Balsad, Gujarat linking National Highway No. 8 with Bhailad-Narol-Selvas-Daman road.

श्री किसनभाई वी.पटेल (बलसाड़) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र बलसाड में अहमदाबाद-मुम्बई राट्रीय राजमार्ग संख्या-8 पर भाइलाड-नारोल-सैलवास-दमन को जाने वाले चौराहे की तरफ आकर्ाित करना चाहता हूं।

महोदय, चौराहे के चारों तरफ गुजरात इंडस्ट्रीयल डेवलमेंट कारपोरेशन तथा अन्य करीब 5000 से भी अधिक कल-कारखाने हैं। इस चौराहे के आसपास भारी वाहनों की आवाजाही अधिक रहती है। मेरे संसदीय क्षेत्र के हजारों नागरिक इन कल-कारखानों में कार्यरत है और इस चौराहे पर उन्हें अपना बहुत सा समय व्यर्थ करना पडता है क्योंकि यहां पर राट्रीय राजमार्ग-संख्या 8 पर केन्द्र सरकार ने पुल का निर्माण नहीं करा रखा है।

अतः मैं आपके माध्यम से सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री से निवेदन करता हूं कि भाइला-नारोल-सैल वास-दमन को जोड़ने वाले राट्रीय राजमार्ग संख्या 8 के इस चौराहे पर शीघ्र एक पुल का निर्माण कराया जाये।